Class - III - Hindi note

पाठ-1 → उपवन के फूल

1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) फूल सबके मन को क्यों भाते हैं?
⇒ फूल सबके मन को इसलिए भाते हैं क्योंकि फूल बहुत सुंदर और खुशबूदार होते हैं।

ख) फूल जीवन में क्या जगाते हैं?
⇒ फूल जीवन में आशा की किरणें जगाते हैं।

ग) काँटों से घिरने का क्या अर्थ है?
⇒ काँटों से घिरने का अर्थ है मुसीबतों से घिरे रहना।

घ) हम दुनिया का हर कोना कैसे महका सकते हैं?
⇒ हम दुनिया का हर कोना प्रेमगंध से महका सकते हैं।

ङ) यह कविता हमें क्या संदेश देती है?
⇒ यह कविता हमें यह संदेश देती है कि हमें भी फूलों के समान बनना चाहिए। फूलों के जैसे सबके जीवन में नई उम्मीद जगाना चाहिए। हर स्थिति में खुश रहकर और सारे भेद भुलाकर पूरी दुनिया को अपने प्यार से भर देना चाहिए।

II नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क) उपवन - बगीचा, बाग
ख) फूल - पुष्प, सुमन
ग) आशा - उम्मीद, भरोसा
घ) गंध - सुगंध, महक
ङ) जीवन - ज़िंदगी, प्राण
च) प्रेम - प्यार, स्नेह

III वाक्य बनाइए : (कक्षा कार्य)

क) उपवन ख) मनोहर ग) क्यारी

IV पृष्ठ 11 में आए प्रश्न 2 पुस्तक में करवाए जाएँगे।
भाषा से... क्रमांक 1 और 3 पुस्तक में करवाए जाएँगे। (कक्षा कार्य)

V कविता 'उपवन के फूल' की पहली आठ पंक्तियाँ कवि के नाम सहित कंठस्थ करके कॉपी में लिखिए। (गृह कार्य)

VI पृष्ठ 10 में दिए गए 'शब्द-अर्थ' को याद कीजिए। (H.W)

VII अभ्यास पुस्तिका :
पृष्ठ 6, क्रमांक 2, 4, 5 पुस्तक में करवाए जाएँगे।

—x—

5/2

Textual Exercises

2. सही उत्तर पर ✓ लगाओ—

choosing right answer

क. फूल सब पर क्या लुटाते हैं?

- [ ] किरणें
- [ ] पत्तियाँ
- [x] स्नेह
- [ ] धन

ख. कवि किसके जैसा जीवन जीने के लिए कह रहे हैं?

- [ ] उपवनों की तरह
- [ ] पेड़ों की तरह
- [ ] काँटों की तरह
- [x] फूलों की तरह

सोचकर लिखो—

Value- • happpiness

यदि आपका मित्र उदास है तो आप क्या करेंगे?

भाषा से...

rhyming words

1. नीचे दिए गए शब्दों के समान तुकवाले शब्द कविता से ढूँढ़कर लिखो—

भाते	क्यारी	लगाओ
जगाते	हमारी	महकाओ

2. वे शब्द जिनके अर्थ लगभग समान होते हैं, **पर्यायवाची** कहलाते हैं।

synonyms

कुछ पर्यायवाची शब्द जानो—

उपवन — बगीचा, बाग

फूल — पुष्प, सुमन

आशा — उम्मीद, भरोसा

गंध — सुगंध, महक

जीवन — ज़िंदगी, प्राण

प्रेम — प्यार, स्नेह

3. पहला वर्ण बदलकर नया शब्द बनाओ—

- make new words

फूल	— भूल	हमने	— तुमने
मन	— धन	सारे	— तारे
काँटा	— चाँटा	जीवन	— पवन
कोना	— सोना	भेद	— छेद

सुझावित रचनात्मक गतिविधियाँ

1. कविता याद करके कक्षा में सुनाओ।
2. चार्ट पेपर पर पाँच फूलों के चित्र चिपकाकर नाम लिखो।
3. फूलों से भरे बगीचे का चित्र कॉपी में बनाओ।

- recitation
- chart making
- drawing
- knowledge collection

M.I. • musical
• spatial
• linguistic

पाठ से आगे

फूलों से क्या-क्या बनता है? घर के बड़ों या अध्यापिका से पूछो।

यह भी जानें

सूरजमुखी का फूल बहुत सुंदर होता है। यह सूर्य की तरफ़ मुँह करके खिलता है इसलिए इसका नाम सूरजमुखी पड़ा है।

— x —

Work Book Ch-1.

2. नीचे दिए शब्दों को समान अर्थ से मिलाओ—

किरण	प्यार	काँटा	शरीर
चाहत	रश्मि	दुनिया	अंतर
नेह	खुशबू	तन	कंटक
गंध	वायु	भेद	जल
हवा	इच्छा	पानी	संसार

3. अपने प्रिय फूल का नाम लिखो। वह आपको प्रिय क्यों है?

....

....

4. पढ़ो, समझो और दो-दो उदाहरण लिखो—

न् + य = न्य	न्यारी	क्यारी	प्यारी
क् + ष = क्ष	कक्षा	रक्षा	अक्षय/रक्षक
प् + र = प्र	प्रेम	प्रेरणा	प्रिय
न् + न = न्न	अन्न	प्रसन्न	भिन्न
क् + क = क्क	मक्का	चक्का	पक्का

5. वर्ग-पहेली में से फूलों के नाम ढूँढ़कर लिखो—

गेंदा चंपा
गुलाब चमेली
सदाबहार जूही
गुड़हल कनेर

गें	दा	गु	चं	क
	बे	ला	पा	ने
स	दा	ब	हा	र
गु	ड़	ह	ल	लि
जू	ही	च	मे	ली

—x—